FORM NO. III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

अज अदालत——जिला कलक्टर मुकाम : दौसा

रामगोपाल बनाम रामफूल वगै0

किस्म मुकदमा— स्थानान्तरण प्रा0पत्र नम्बर 48—रान्— 2023

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
29.04.2024	अधिवक्ता प्रार्थी उपस्थित। राजकीय अधिवक्ता उपस्थित। अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 01 उपस्थित। राजकीय अधिवक्ता ने बहस में दलील दी कि श्रीमती मिथलेश मीना, पीठासीन अधिकारी उपखंड अधिकारी लवाण में वर्तमान में उपखंड अधिकारी लवाण में कार्यरत नहीं है। पीठासीन अधिकारी लवाण के पद पर अन्य अधिकारी कार्यरत है। जिस पीठासीन अधिकारी के विरूद्ध यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया है, उनका अन्यत्र स्थानान्तरण हो जाने से यह स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र विचाराधीन रखे जाने का कोई औचित्य नहीं रह गया है। अतः स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र खारिज फरमाया जावे। अधिवक्ता प्रार्थी व अधिवक्ता अप्रार्थी सं0 01 ने उक्त स्थानान्तरण प्रा0पत्र को खारिज किये जाने में कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर किया। पत्रावली का अवलोकन किया गया। श्रीमती मिथलेश मीना पीठासीन अधिकारी लवाण के विरूद्ध यह स्थानान्तरण प्रा0पत्र प्रस्तुत किया गया, जिनका अन्यत्र स्थानान्तरण हो गया है। स्थानान्तरण प्रा.पत्र विचाराधीन रखे जाने का अब कोई औचित्य नहीं रहा गया है। अतः स्थानान्तरण प्रार्थना पत्र खारिज किया जाता है। आदेशिका की प्रति उपखंड अधिकारी नांगल राजावतान को पालनार्थ प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नियम कम हो। खुले न्यायालय सुनाया गया। Devendra जिला कलक्टर दौसा	

Signature Not Verified
Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2024.05.14 10:58:08 IST
Reason: SelfAttested
Web Copy - Not Official